हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 28 अगस्त 2025 समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री जन धन योजना के ग्यारह वर्ष पूरे हुए। प्रधानमंत्री ने कहा - प्रधानमंत्री जन धन योजना ने वित्तय समावेशन के माध्यम से देश भर में वंचित लोगो का जीवन बदला है।
- हरियाणा मंत्री मंडल ने दींन दयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना लागू करने का निर्णय लिया।
- अम्बाला छावनी के पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कला उत्सव कार्यक्रम में एकता की भावना को प्रबल किया।
- केंद्र सरकार ने कच्चे कपास के आयात पर कर छूट 31 दिसम्बर तक बढ़ाने का फैसला किया।
- पलवल में नेशनल फास्ट पॉइंट नेट बॉल चैम्पियनशिप शुरू हुई - देश भर से 600 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। ब्योरा हमारे संवाददाता से ..

*प्रधानमंत्री जन धन योजना वितीय समावेशन पर एक राष्ट्र मिशन है। इसका उद्देश्य व्यापक वित्तीय समावेशन लाना है और देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रत्येक परिवार के लिए एक बुनियादी बैंकिंग खाते, वित्तीय साक्षरता, ऋण बीमा और पेंशन सुविधा तथा बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच के लिए एक मंच प्रदान करती है किसी भी बैंक शाखा या बिजनेस कॉरस्पॉडेंट बैंक मित्र आउटलेट में शून्य शेष राशि पर खाता खोला जा सकता है। प्रत्येक बैंक खाता बैंकों की कोर बैंकिंग प्रणाली पर आधारित है। अनुपम मिश्र के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन-धन योजना की झलकियां साझा करते हुए बताया है कि कैसे इस योजना ने वित्तीय समावेशन से वंचित लोगों का वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरण कर पूरे भारत में जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है और यह प्रधानमंत्री जन-धन योजना से संभव हो पाया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा मंत्रिमंडल की आज  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई बैठक में महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए "दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना" को लागू करने का निर्णय लिया गया. एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि  पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर **25** सितंबर को इस योजना का शुभारम्भ होगा।हरियाणा की **23** वर्ष या उससे अधिक आयु की विवाहित  या अविवाहित महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।परिवार में महिलाओं की संख्या की कोई सीमा नहीं होगी।योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने **2,100** रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

योजना में पहले चरण में, उन परिवारों को शामिल किया जा रहा है, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय **1** लाख रुपये से कम  है।प्रवक्ता ने बताया कि आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूह को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा पहले से चलाई जा रही ऐसी **9** योजनाओं, जिनमें आवेदिका को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा होगा तो  उन्हें लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा
इसके अलावा स्टेज **3** और **4** की कैंसर पीड़ित महिला  मरीजों , सूचीबद्ध **54** दुर्लभ बीमारियों, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया और सिकल सेल से पीड़ित महिला मरीज़ों को  पहले से पेंशन मिल रही है।फिर भी इन महिलाओं को इस योजना का भी अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने देशभर के स्कूलों से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी, भुवनेश कुमार ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इससे संबंधित शिविर आयोजित करने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

आज अंबाला छावनी के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंबाला के उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने उपस्थित अध्यापकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना पैदा करे ताकि वे भी भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान देकर भारत को और आगे ले जाने का काम करें।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कल का भविष्य हैं, इसलिए उनमें एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना पैदा करनी है ताकि हम आगे भी एक रहकर अपने भारत को और प्रगति की और ले जा सकें।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि हम एक हैं, एक रहकर ही देश को आगे ले जा सकते हैं।

कार्यक्रम में केवीएस गुरूग्राम संभाग के उपायुक्त वरुण मित्र ने विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर श्री तोमर ने स्कूल प्रांगण में लगी कला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन कर अवलोकन भी किया। स्कूल प्राचार्य हरिन्द्र सिंह लांबा ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और प्रबल करना था।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने कच्चे कपास के आयात पर कर छूट इस वर्ष 30 सितंबर से 31 दिसम्बर तक बढ़ाने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे पहले, सरकार ने कपास के आयात पर 19 अगस्त से 30 सितम्बर तक अस्थायी कर छूट दी थी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------
---------------------------

हरियाणा और चंडीगढ़ में हर वर्ग के लोगों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा ऑनलाइन मनी गेम्स बारे विधेयक पारित किए जाने का स्वागत किया जा रहा है।
फरीदाबाद की संदीप कौर ने आकाशवाणी समाचार से कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग कंपनियां तेज़ी से पैसा कमाने की चाहत वाले युवाओं को अपने जाल में फँसा रही थी।

अपना दर्द साझा करते हुए संदीप ने बताया कि पैसा लगा कर ऑनलाइन गेम खेलने की लत के कारण उनके भाई ने भी अपनी जान गवा दी
उन्होंने कहा –

-----------------------------------------------------------------------------------------------------
---------------------------

देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ गणेशोत्सव की शुरुआत हो हुई। **10** दिन तक चलने वाले इस उत्सव का आज दूसरा दिन है। हरियाणा में भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद में हनुमान शक्ति शनि मंदिर से निकली शोभा यात्रा, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस समय भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आज नेशनल फास्ट पाइंट नेटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। यह पार्टियोगिता 31 अगस्त को सम्पन्न होगी।

प्रतियोगिता में देश के **28** राज्यों के महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।
मीडिया से बातचीत में नेटबॉल कोच दीपक अत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि पलवल के युवाओं के लिए यह प्रतियोगिता जहां आकर्षण का केंद्र बनेगी वही, इससे युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलेगी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------
---------------------------------------------------